कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)

डाण्डा लखौण्ड,सहस्त्रधारा रोड, देहरादून–248001

ई.मेल:- mdnhmuk@gmail.comफोन / फैक्स 0135-2608646

पत्रांक– UKHFWS/NHM/NCD/2016/NTCP letters/ 408 दिनांक 02/05/2022

सेवा मे,

महानिदेशक पुलिस विभाग,
पुलिस मुख्यालय, सुभाष रोड,
देहरादून, उत्तराखण्ड।

विषयः– राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन0टी0सी0पी0) के अन्तर्गत "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" 2022 के अवसर पर तम्बाकू निषेध अभियान हेतु गतिविधियाँ आयोजित करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन0टी0सी0पी0) के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी **विश्व तम्बाकू निषेध दिवस दिनांक 31 मई, 2022** का आयोजन किया जाना है। इस वर्ष की थीम "Threat to our environment" है। अवगत कराना है कि विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2022 के अवसर पर एक माह **(दिनांक 01 मई से 31 मई, 2022 तक)** तम्बाकू नियंत्रण हेतु **"आओ गांव चलें–उत्तराखण्ड को तम्बाकू मुक्त करें"** अभियान का शुभारम्भ मा0 स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 30.04.2022 को होटल पैसिफिक देहरादून मे किया गया।

उक्त शुभारम्भ कार्यक्रम में मा0 स्वास्थ्य मंत्री जी द्वारा घोषणाएं की गयी हैं, जिसके क्रम में आपके स्तर से **"आओ गांव चलें–उत्तराखण्ड को तम्बाकू मुक्त करें"** एक माह के अभियान हेतु निम्न गतिविधियाँ की जानी हैं:–

1. पुलिस विभाग के सहयोग से अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक चालान एव छापामारी गतिविधि की जायेगी।
2. पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एंव पंचायती राज विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला अधिकारी की अध्यक्षता में "टास्क फोर्स" का गठन कर इस अभियान को सफल बनाया जायेगा।
3. दिनांक 31 मई, 2022 को राज्य के पाँच लाख व्यक्तियों को तम्बाकू निषेध हेतु शपथ दिलायी जायेगी। जिस हेतु शपथ का प्रारूप एवं समय से पृथक रूप से अवगत कराया जायेगा।
4. पुलिस विभाग में तैनात कार्मिकों को कोटपा, 2003 व तम्बाकू निषेध से सम्बन्धित आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
5. पूरे माह में जनपद, ब्लॉक, नगर निगम स्तर पर जन प्रतिनिधियों के सहयोग से गोष्ठी / सेमीनार आयोजित कर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

अतः उक्त अभियान हेतु उक्तानुसार गतिविधियाँ आयोजित कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(डा0 सरोज नैथानी)
निदेशक (एन0एच0एम0)

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
2. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड।
3. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तराखण्ड।

(डा0 सरोज नैथानी)
निदेशक (एन0एच0एम0)

Scanned with CamScanner